एक नजर में

## भारतीय स्टाम्प विधेयक 2025 को लेकर लगाई जनहित याचिका, इसी सप्ताह सुनवाई संभावित

इंदौर. मप्र विधानसभा में पास हुए भारतीय स्टाम्प (मध्य प्रदेश संशोधन) विधेयक 2025 को चुनौती देने वाली जनहित याचिका हाइकोर्ट में दायर कर दी गई है. इस पर इसी सप्ताह में सुनवाई संभावित है. यह याचिका इंदौर के नोटरी एसोसिएशन के प्रवक्ता प्रदीप होलकर की ओर से एडवोकेट जावेद खान एडवोकेट अजय बागड़िया द्वारा लगाई गई है. इसमें विधेयक में बढ़ाई गई दरों का विरोध करते हुए इसे जनविरोधी बताया गया है. याचिका जबलपुर मुख्य पीठ में डब्ल्यू पी नंबर 35179/2025 पर रजिस्टर्ड हो गई है. उल्लेखनीय है कि इस विधेयक के पास होने के बाद प्रदेश में एग्रीमेंट कराना अत्यधिक महंगा हो जाएगा. अब शपथ पत्र 50 रुपए के बजाय 200 रुपए में बनेगा. रेंट एग्रीमेंट 500 से बढ़कर एक हजार, प्रॉपर्टी एग्रीमेंट एक हजार की जगह 5 हजार रुपए में होगा. नोटरी एसोसिएशन सहित कई संगठनों द्वारा किए गए विरोध के बावजूद विधानसभा में इस विधेयक को पास किया गया. अभी इस विधेयक पर राज्यपाल से मंजूरी मिलना बाकी है.

## नया स्मार्टफोन रियलमी 15टी लॉन्च

इंदौर. रियलमी ने अपना नया स्मार्टफोन रियलमी 15टी लॉन्च किया है. यह 50 मेगापिक्सल के फ्रंट और 50 मेगापिक्सल के रियर एआई कैमरा सेटअप वाला अपने सेगमेंट का एकमात्र स्मार्टफोन है. इसके अलावा, रियलमी 15टी में 7.99मिमी की स्लीक बॉडी में 7000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी दी गई है, जो फ्लैगशिप ग्रेड की एमोलेड क्लैरिटी और एडवांस्ड ड्यूरेबिलिटी प्रदान करती है. रियलमी 15टी अपने सेगमेंट का एकमात्र स्मार्टफोन है, जिसके फ्रंट और रियर, दोनों में 50 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है. यह दोनों तरफ से शार्प और स्थिर इमेजिंग प्रदान करता है. इसमें फ्लैगशिप लेवल के एआई फीचर्स जैसे एआई एडिट ज़ेनी, एआई स्नैप मोड, एआई लैंडस्केप, एआई इरेज़र, और एआई स्मार्ट इमेज मैटिंग आदि हैं. इसके अलावा, सॉफ्ट लाईट फीचर पाँच अद्वितीय फिल्टर (डेजा वु, रेट्रो, मिस्टी, ग्लोई, ड्रीमी) प्रदान करता है. मीडियाटेक डायमेंसिटी 6400 मैक्स 5जी प्रोसेसर, उद्योग में अग्रणी आईपी66/68/69 वॉटर रज़िस्टैंस और प्रो-ग्रेड के ड्युअल एआई कैमरा के साथ रियलमी 15टी ने अपने सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर दिए हैं.

## सिमिरन का धाडली का नाय सिंगल लांच

इंदौर. जहाँ 'पुत जट्ट दा' का दबदबा अभी भी पूरी दुनिया की प्लेलिस्ट में बना हुआ है, वहीं पंजाबी म्यूज़िक की पॉवरहाउस, सिमिरन कौर धाडली ने अपना अगला सिंगल, प्यार नी सरया लॉन्च कर दिया है. अपने जबरदस्त ट्रैक्स, शानदार लिरिक्स और निडर आवाज के लिए मशहूर सिमिरन इस बार अपनी सिग्नेचर शैली से कुछ अलग लेकर आई हैं. यह ट्रैक एक मासूम, प्यारभरा गीत पेश करता है, जो प्यार के खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक दिल में उसकी चुभन को बनाकर रखता है. इस गाने के बारे में सिमिरन ने कहा यह गाना मेरे हृदय की उस जगह से निकला है, जो मैंने इससे पहले कभी नहीं दिखाई. प्यार नी सरया ऐसा प्यार है, जिससे आप आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह आपके अंदर बना रहता है. इसको लिखते हुए ऐसा एहसास हो रहा था कि कागज पर मेरे खून के कतरे उतर रहे हैं. यह गीत मेरे उस जख्म को प्रदर्शित करता है, जिसका मैं सम्मान करती हूँ और उस प्यार को भी, जो बहुत पहले खो चुका है, पर मैं उसे हमेशा अपने साथ बनाकर रखना चाहती हूँ.

## अमेज़न फैशन ने पेश किए टॉप फेस्टिव ट्रेंड्स

इंदौर. त्योहारी सीज़न शुरू होते ही ग्राहक अपने जश्न के तरीकों को नए सिरे से सोच रहे हैं—ऐसे स्मार्ट और प्रीमियम चुनाव कर रहे हैं जो हर लुक को पर्सनल, स्टाइलिश और आकर्षक बनाते हैं. स्टेटमेंट मिनी बैग्स और फाइन ज्वेलरी से लेकर टेक-स्मार्ट लगेज तक, प्रीमियम फैशन इस सीज़न के 'मस्ट-हैव' बन गए हैं. अमेज़न फैशन और ब्यूटी के निदेशक सिद्धार्थ भगत ने कहा इस त्योहारी सीज़न में हम ग्राहकों को स्मार्ट और प्रीमियम विकल्प चुनते देख रहे हैं, जिनमें क्रायट-लक्ज़री फुटवियर, स्टेटमेंट ज्वेलरी और एक्सेसरीज़ शामिल हैं, जिसका नेतृत्व स्वारोवस्की, न्यू बैलेंस, गेस और कैरेटलेन जैसे ब्रांड्स कर रहे हैं, जो इस रुझान को आगे बढ़ा रहे हैं. अमेज़न फैशन में हम इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध हैं और लगातार टेक्नोलॉजी में निवेश कर रहे हैं, ताकि ग्राहकों को बेहतर शॉपिंग अनुभव मिले. ब्रांड-विशिष्ट साइज़ चार्ट्स, स्टाइल स्नैप और 'वियर इट विद' सजेशन्स जैसे फीचर्स ग्राहकों को क्युरेटेड, पर्सनलाइज़्ड रिकमेंडेशन देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं.

## यशिका व मीतीषा नेशनल डांस प्रतियोगिता में जीतीं

इंदौर. इंदौर की नन्हीं डांस प्रतिभाएँ, 10 वर्षीय यशिका चौहान और मीतीषा राजपूत, ने अपनी मेहनत और हुनर के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ड्रीम ऑफ डांस सीज़न 2 में शानदार जीत दर्ज की. यह प्रतियोगिता राजस्थान में हुई, जिसमें देशभर से सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता का सबसे खास पहलू यह रहा कि इसमें मुख्य जज देश की प्रसिद्ध डांसर और कोरियोग्राफर वर्तिका झा थीं. उनके सामने मंच पर यशिका और मीतीषा ने ऐसा प्रदर्शन किया कि हर कोई उनकी प्रतिभा का कायल हो गया. इन दोनों की इस बड़ी उपलब्धि में उनके गुरु विशाल जोशी का अहम योगदान रहा. उन्होंने न केवल उन्हें डांस की तकनीक और बारीकियाँ सिखाईं बल्कि प्रतियोगिता के मंच पर आत्मविश्वास के साथ खुद को प्रस्तुत करने के लिए भी तैयार किय. इस जीत के बाद परिवारजन, स्कूल प्रशासन और स्थानीय लोगों ने दोनों बच्चियों को बधाइयाँ दीं. यशिका और मीतीषा का सपना है कि भविष्य में वे ब्रेक डांस में भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करें और देश का नाम विश्व पटल पर रोशन करें.



## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अगस्त में 34,236 यूनिट बेची

इंदौर. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपने बिक्री प्रदर्शन की घोषणा कर दी है। यूज्ड कार बिजनेस सेल्स-सर्विस के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने कहा हमने अगस्त 2025 में 34,236 यूनिट्स बेचीं, जिससे बाजार में हमारी मजबूत मौजूदगी बनी रही और हमें ग्राहकों के हमारे कारों और सेवाओं पर निरंतर भरोसे से प्रोत्साहन मिला. सितंबर पूरे उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण चरण होगा, और हम बाजार के रुझानों पर बारीकी से नजर रखेंगे. टोयोटा में, हमारा ध्यान त्योहारी सीजन के दौरान इनोवेशन और मूल्यवर्धित सेवाओं को पेश करने पर बना रहेगा, ताकि ग्राहकों का उत्साह बढ़े और खरीदारी के निर्णय आसान और अधिक आनंददायक हों.

## कलाकारों ने नम आंखों से दी बप्पा को विदाई!

इंदौर. एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया कि बप्पा को विदा करते समय उनके दिल में पुरानी यादें, आभार और भक्ति के भाव उमड़ आते हैं. इन कलाकारों में शामिल हैं- पारस अरोड़ा ('घरवाली पेड़वाली' के जीतू), सपना सिकरवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की बिमलेश) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी). पारस अरोड़ा ने विसर्जन की यादें साझा करते हुए कहा मुझे अच्छे से याद है कि दोस्तों के साथ जोर-जोर से 'गणपति बप्पा मोरया' का जयकारा लगाते हुए बप्पा को विसर्जन घाट तक लेकर जाते थे. विदाई का पल भावुक जरूर होता था, लेकिन उसका उत्साह भी उतना ही बड़ा होता था. आज यह अहसास और भी आध्यात्मिक और निजी हो गया है. सपना सिकरवार ने अपनी बचपन के दिनों को याद करते हुये कहा बचपन में मेरे लिए विसर्जन का मतलब बस मस्ती करना था. उस समय मैंने कभी भावुक पहलू महसूस ही नहीं किया. लेकिन आज हालात अलग हैं. जब बप्पा को विदा करने का समय आता है तो आँखें नम हो जाती हैं. ऐसा लगता है जैसे किसी अपने को विदा कर रही हूँ. रोहिताश्व गौड़ कहते हैं बचपन में मेरे शहर में विसर्जन किसी बड़े मेले जैसा लगता था. तब मुझे इस परंपरा की गहराई का एहसास ही नहीं था, सब कुछ सिर्फ मस्ती भर लगता था. लेकिन आज, जब मैं पिछले 24 साल से घर पर गणपति उत्सव मना रहा हूँ, तो विदाई कहीं ज्यादा भावुक कर देती है. बप्पा को जल में विसर्जित करते समय गला रूंध जाता है.


## एजुकेट गर्ल्स संस्था को रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड

इंदौर. भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स को 2025 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हैं. एशिया का यह सर्वोच्च सम्मान पहली बार किसी भारतीय संस्था को मिला है. यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को बालिकाओं और युवतियों की शिक्षा के समाज की अतार्किक सांस्कृतिक धारणाओं को चुनौती देने, उन्हें निरक्षरता से मुक्त करने और उन्हें कौशल, हिम्मत और आत्मनिर्भरता देने के लिए दिया गया है. एजुकेट गर्ल्स की संस्थापक सफीना हुसैन ने कहा यह उपलब्धि हमारी टीम, बालिका स्वयंसेवकों, पार्टनर्स, समर्थकों और सबसे बढ़कर उन बच्चियों के नाम है, जिन्होंने अपनी सबसे बड़ी ताकत, शिक्षा को फिर से हासिल किया. आने वाले दस वर्षों में एजुकेट गर्ल्स एक करोड़ से भी ज़्यादा शिक्षार्थियों तक पहुँचने का लक्ष्य रखता है. एजुकेट गर्ल्स की सीईओ गायत्री नायर लोबो ने कहा, हमारे लिए शिक्षा सिर्फ़ विकास का साधन नहीं, बल्कि हर लड़की का बुनियादी अधिकार है. यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि जब सरकार, कॉरपोरेट, डोनर्स और समुदाय मिलकर काम करते हैं, तो गहरी सामाजिक और संरचनात्मक चुनौतियों को बदला जा सकता है.

# स्टूडियो और गिफ्ट सेंटर जलकर राख

**द्वारकापुरी क्षेत्र में दो जगह लगी आग**

**रहवासियों और पुलिस ने मिलकर बुझाई आग**




**इंदौर. द्वारकापुरी इलाके में सोमवार देर रात अचानक लगी आग ने अफरा-तफरी मचा दी. अंकल गली, 60 फीट रोड स्थित एसआर स्टूडियो और पर्सनालिस्ट गिफ्ट सेंटर देखते ही देखते लपटों की चपेट में आ गए. तेज आग से कैमरे, स्टूडियो सेटअप और गिफ्ट सामग्री जलकर राख हो गई. प्रारंभिक अनुमान है कि लाखों रुपये का नुकसान हुआ है.**

घटना के बाद भी काफी देर तक फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंची. इस बीच रहवासी और पुलिसकर्मी जुटकर आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे. दुकान का शटर तोड़कर अंदर का सामान बाहर निकाला गया, वहीं बोरिंग से पानी डालकर लपटों को काबू में किया. द्वारकापुरी थाना प्रभारी सुशील पटेल टीम सहित मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग को फैलने से रोक दिया.

आग लगते ही क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद हो गई, जिससे देर रात तक अंधेरा छाया रहा. करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं, लेकिन तब तक आग काफी हद तक बुझाई जा चुकी थी. आगजनी के कारणों की जांच की जा रही है. पुलिस का कहना है कि शॉर्ट सर्किट की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता.

## उद्योगपति हत्याकांड में फरार आरोपी की संपत्ति होगी कुर्क, इनाम भी बढ़ेगा

**इंदौर. कनाडिया थाना क्षेत्र में उद्योगपति चिराग जैन की हत्या कर फरार हुआ उसका पार्टनर विवेक जैन अब पुलिस के शिकंजे में आने ही वाला है.**


उसकी गिरफ्तारी पर घोषित 10 हजार का इनाम बढ़ाया जा रहा है और संपत्ति कुर्क करने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है. घटना सात दिन पहले बिचौली मर्दाना रोड स्थित मिलन हाईट्स में हुई थी. मूल रूप से ग्वालियर निवासी चिराग जैन यहां परिवार के साथ रहते थे. वर्ष 2012 में उन्होंने सांवेर रोड पर अरिहंत सेल्स के नाम से कारखाना शुरू किया और अपने पुराने मित्र विवेक जैन को 50 प्रश हिस्सेदारी में शामिल किया. कारोबार के लिए बैंक से लोन लिया और कुछ संपत्तियां गिरवी रखी गई थीं. परिजनों ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में दोनों के बीच व्यापार को लेकर विवाद बढ़ा और चिराग ने विवेक की पार्टनरशिप खत्म कर दी. लेन-देन का पूरा निपटारा कर दिया, लेकिन विवेक इस समाधान से संतुष्ट नहीं था. हत्या के दिन सुबह वह घर से टहलने का बहाना कर निकला और सीधे चिराग के घर पहुंच गया. वहां कहासुनी के दौरान उसने चाकू से हमला कर चिराग की जान ले ली. पुलिस ने आरोपी विवेक जैन पर 10 हजार का इनाम घोषित किया था, जिसे अब बढ़ाकर 20 हजार किया जाएगा. साथ ही उसकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई भी की जाएगी, ताकि वह दबाव में आकर जल्द सामने आए.

**लुकआउट नोटिस जारी**

आरोपी विदेश न भाग सके, इसके लिए उसका लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है. पुलिस उसके परिजनों व परिचितों से लगातार पूछताछ कर रही है. मामले में कनाडिया थाना प्रभारी सहर्ष यादव का कहना है कि विवेक के ठिकाने को लेकर कुछ अहम सुराग मिले हैं और शीघ्र ही उसकी गिरफ्तारी संभव है.

## झांकियों में सामाजिक सद्भाव को दर्शाया

### दिगंबर जैन समाज ने धूप दशमी पर्व उत्साह के साथ मनाया




**इंदौर. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद इंदौर के तत्वावधान में शहर के विभिन्न दिगंबर जैन मंदिरों में धूप दशमी पर्व का आयोजन बहुत ही उत्साह व भक्ति भाव से किया गया.**

दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पटौदी एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि समाज ने इस वर्ष भी मंडल जी एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजित की थी जिसमें शहर के 21 जिनालयों ने भाग लिया.

टीम द्वारा अभी तक किए गए निरीक्षण में पंच बालयति मंदिर, ए बी रोड की झांकी विशेष रही. इस मंदिर ने आतंकवाद का दृश्य प्रस्तुत कर सेवा परमो धर्म का संदेश दिया.

झांकी में भारत द्वारा सिंदूर का जवाब है, जिसने दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया. श्री पाटोदी व जैन के अनुसार सभी मंदिरों ने बढ़ चलकर भाग लिया. इन झांकियां और मंडलों के माध्यम से जैन धर्म के सिद्धांतों और सामाजिक सद्भाव को दर्शाया गया है.

निर्णायक मंडल में श्री सुभाष जी सेठिया कुशल राज्य भारत शास्त्री अंकित जैन व संजय जैन मैगनस सभी मंदिरों के प्रदर्शन का बारीकी से अवलोकन करेंगे तत्पश्चात परिणामों की घोषणा की जाएगी. समाज श्रेष्ठी श्रीमती पुष्पा कासलीवाल, एम के जैन, सुशील पांड्या, मनोहर झांझरी, राकेश विनायका ने सभी समाज जनों को पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की.



## आपरेशन सिंदूर व पंचपरमेष्ठी सेटेलाइट की रंगोली द्वारा रचना

**इंदौर. पर्युषण पर्व के अंतर्गत धूप दशमी के अवसर पर इंदौर के समस्त मंदिरों में मंडल विधान रंगोली द्वारा मांडे गए एवं विभिन्न धार्मिक झांकियां निर्मित की गई.**

सभी जैन मंदिरों में दिनभर हजारों श्रावक श्राविकाओं ने दर्शन किए, छावनी स्थित पंचायती मंदिर में 500 फीट की रंगोली द्वारा धार्मिक ऑपरेशन सिंदूर की रचना श्री नेमिनाथ नवरंग मंडल द्वारा की गई. इका शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर नीलेश कासलीवाल एवं आनंद जैन द्वारा किया गया. अध्यक्ष एमके जैन ने बताया कि इस अवसर पर समाज अध्यक्ष प्रकाश बड़जात्या, मंत्री देवेंद्र सेठी, जैनेश झांझरी, नेमीचंद लोहाडिया, दिलीप डोसी, दिलीप गोधा, अनुज जैन, सोनल जैन, सुनील बिलाला, नरेश जैन, अंकित जैन, सुरेश जैन, संगीता जैन, मोनिका जैन, शिखा जैन एवं श्रेणिक जैन आदि उपस्थित थे.

रांगोली की 50 कलाकारों द्वारा 24 घण्टों में 100 किलो रांगोली से रचना की गई. छावनी स्थित श्री अनन्तनाथ जिनालय में पंच परमेष्ठी सेटेलाइट मण्डल का निर्माण किया गया, चतुर्दशी तक इसे देखा जा सकेगा.

## गणेशजी को 'भाई राजा' मानकर प्रतिदिन घर में बने व्यंजनों का भोग

### मनोरमागंज स्थित एक परिवार में भाई की तरह रिश्ता निभा रही हैं राजकुमारी अग्रवाल



इंदौर. शहर में चल रहे गणेशोत्सव में एक ऐसा परिवार भी पूरी तन्मयता और श्रद्धा भक्ति के साथ गणेशजी की सेवा में जुटा हुआ है, जो पूरे भादौ मास में गणेशजी का प्रतिदिन नूतन श्रृंगार तो कर ही रहा है, जिसने अपने मनोरमागंज स्थित 'प्रमुख राज' नामक घर में गणेशजी के लिए एक बड़ा मंदिर बनवाकर वहां अपने भाई के रूप में गणेशजी को विराजित किया हुआ है. पूरे भादौ मास इस घर में गणेशजी की पूजा परिवार के एक सदस्य की तरह प्रतिदिन घर में बने व्यंजनों के भोग, गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ और नित्य श्रृंगार के साथ की जाती है. राजकुमारी अग्रवाल गणेशजी को अपना भाई मानती हैं और उन्हें 'भाई राजा' कहकर पुकारती और उनकी पूजा करती हैं. श्रीमती अग्रवाल ने चतुर्थी के दिन अपने 'भाई राजा' का जन्मोत्सव भी पूरे धूमदाम से मनाया और भादौ मास में वे प्रतिदिन 108 गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ भी करती हैं. प्रतिदिन घर में परिवार के अन्य सदस्य भी गणेशजी के नामों से नियमित अर्चना भी करते हैं। श्रीमती अग्रवाल की इच्छा यही है कि उन्हें 'भाई राजा' की बहन के नाम से ही जाना जाए, न कि उनके अपने (राजकुमारी) नाम से. प्रतिदिन गणेशजी का अदभुत श्रृंगार करना उनका दिनचर्या में शामिल है और घर पर बनी चीजों से ही गणेशजी भोग समर्पित किया जाता है. गणेश चतुर्थी पर उन्होंने अपने हाथों से घर पर बनाए गए 1100 मोदक का भोग अपने 'भाई राजा' को समर्पित किया. गणेशजी के प्रति उनकी इस अनन्य भक्ति की चर्चा पूरे समाज में है. श्रीमती अग्रवाल राष्ट्रभक्ति को भी पूरा महत्व देती हैं और आपरेशन सिंदूर पर आधारित झांकी बनाकर उन्होंने अपने 'भाई राजा' से देश को समृद्ध और खुशहाल बनाने की प्रार्थना भी की.

## रामटेके अध्यक्ष, डॉ. कुमार महासचिव पद पर निर्वाचित




इंदौर. मालवा की औद्योगिक एवं सांस्कृतिक नगरी इंदौर में आयकर विभाग के राजपत्रित अधिकारी संघ, मध्यप्रदेश एवं छग के संपन्न हुए संघ के दो दिवसीय अधिवेशन के दौरान भोपाल के आयकर उपायुक्त संजय कुमार रामटेके अध्यक्ष और डॉ. दीपक कुमार महासचिव पद पर निर्वाचित हुए हैं. डॉ. दीपक कुमार तीसरी बार महासचिव पद पर निर्वाचित हुए हैं.

आयकर विभाग के राजपत्रित अधिकारी संघ, मध्यप्रदेश एवं छग के नवनिर्वाचित महासचिव डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि वे चाहते हैं कि अपने साथी अधिकारियों की समस्याओं का समाधान आपसी संवाद, सदभाव और एक सुनिश्चित प्रक्रिया के माध्यम से हो. आयकर अधिकारियों की सेवा शर्तों से जुड़ी लंबित समस्याओं के समाधान, अधिकारियों के नियमित कामकाज के दौरान आने वाली चुनौतियों के बीच संतुलन और संशोधन तथा विभाग और संगठन के बीच सकारात्मक संवाद के जरिए अपने संगठन को इतना प्रभावी और मजबूत बनाया जाएगा कि सरकार और संघ के बीच किसी तरह का अवरोध या विवाद पैदा नहीं हो. डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि संगठन और विभाग के बीच के रिश्तों को हम जितना अधिक पारदर्शी और न्यायोचित बनाएंगे, उतनी अधिक रफ्तार और बिना विवाद के सारे काम होते रहेंगे. जहां तक स्थानांतरण और पदोन्नति के मामले हैं,

हम सरकार से आग्रह करेंगे कि पारदर्शी और डेटा आधारित पालिसी बनें. पदोन्नति के लिए बिना विवाद के वरिष्ठता के आधार पर सूची जल्द से जल्द तैयार हो, जिसे न्याय संगत ढंग से लागू किया जाए और सदस्यों को जल्द से जल्द पदोन्नति प्राप्त हो.

## जानकी नगर स्थानक पर पर्युषण में तपस्या करने वाले बंधुओं का बहुमान



इंदौर. जानकी नगर स्थानक पर विराजित महासती विमलेश प्रभाजी, यश प्रभाजी, दिव्य प्रभाजी एवं निमिषाजी की प्रेरणा से पर्युषण महापर्व के दौरान 50 से अधिक साधकों ने विभिन्न प्रकार की कठिन तपस्याएं संपन्न की. इनमें मासक्षमण, 8 दिनों और इतने ही श्रावक-श्राविकाओं ने 3 दिनों के उपवास की तपस्या भी की है. संवत्सरी में इन सभी समाजबंधुओं का जानकी नगर स्थानक में साध्वी भगवंतों की निश्रा में बहुमान किया गया. श्री वर्धमान जैन युवा मंच के अध्यक्ष कांतिलाल मेहता ने बताया कि मंच की ओर से 8 उपवास की तपस्या करने वाले श्रावकों का विशेष बहुमान कर उन्हें अभिनंदन पत्र, शाल-श्रीफल एवं माला भेंटकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर श्रावक संघ के संरक्षक मुकनचंद मेहता, अध्यक्ष आर. धर्मचंद्र चौरड़िया, नवीन जैन ललवानी, शिखरचंद बाफना, कांतिलाल मेहता, ललित छल्लानी युवा मंच के सचिव अरिहंत छल्लानी, वैभव बेताला, अश्विन लूणावत एवं प्रदीप छल्लानी सहित समाज के सेवाभावी बंधुओं सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु, युवा मंच एवं श्रावक संघ के सदस्य उपस्थित थे.

## इंदौर में बढ़ रहा क्रिप्टो में निवेश का चलन



इंदौर. भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म कॉइनस्विच ने एच1 2025 के लिए इंदौर के क्रिप्टो निवेशकों के ट्रेडिंग पैटर्न पर नए इनसाइट्स जारी किए हैं. प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध 350+ कॉइनों की गतिविधि के गहन विश्लेषण के आधार पर, डेटा से पता चलता है कि इंदौर के नागरिक क्रिप्टो के साथ किस तरह से जुड़ रहे हैं. यह निष्कर्ष शहर की तेजी से विकसित होती क्रिप्टो रुचि की स्पष्ट तस्वीर पेश करते हैं, जो निवेशकों की बढ़ती परिपक्वता और विविधता को दर्शाता है.

यह बात कॉइनस्विच के सह-संस्थापक आशीष सिंघल ने कही. वे क्रिप्टो ट्रेडिंग को लेकर जानकारी दे रहे थे. उन्होंने कहा आंकड़े इंदौर के क्रिप्टो इकोसिस्टम की एक दिलचस्प कहानी बताते हैं. एकसआईरीप का दबदबा यह दिखाता है कि निवेशक स्थापित एसेट्स पर भरोसा कर रहे हैं, जबकि एमईएमईएफआई और एमओजी जैसे टोकनों का उभार यह साबित करता है कि वे नए अवसरों की खोज के लिए भी तैयार हैं। निवेशक रणनीति और सहजता—दोनों का संतुलन बना रहे हैं, जो हमारी कम्युनिटी की गहराई और परिपक्वता को दर्शाता है. ये आंकड़े इस बात को रेखांकित करते हैं कि इंदौर धीरे-धीरे एक परिष्कृत क्रिप्टो मार्केट बनता जा रहा है, जहां स्थिरता चाहने वाले निवेशकों से लेकर जोखिम लेने वाले स्पेक्युलेटिव ट्रेडर्स तक मौजूद हैं। यह तस्वीर भारत में विविध और गतिशील क्रिप्टो अपनाने को साफ तौर पर सामने लाती है.

एक नजर में

**सहयोग समाज सेवा संस्था के गणेशोत्सव में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सम्पन्न**

## किसी की प्रतिकृति बनकर अभिनय मुश्किल कार्य



**इंदौर. अपने अंतर्मन के नायक को आकर्षक मुखमुद्रा के साथ अभिनीत करना ही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है. किसी की प्रतिकृति बनकर अभिनय करना मुश्किल कार्य है. नन्हे नन्हे बच्चे जब उत्साह के साथ इसको सार्थक करते हैं तो ये सुकून प्रदान करता है.**

उक्त विचार सहयोग समाज सेवा संस्था द्वारा आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की निर्णायक प्रो.(डॉ) गायत्री पलोड ने व्यक्त किये. वे सहयोग पथ सुदामा नगर के गणेशोत्सव में बोल रही थी.

उन्होंने फैंसी ड्रेस की महत्ता पर भी प्रकाश डाला. सहयोग समाज सेवा संस्था के सम्भागीय अध्यक्ष अवधेश यादव ने बताया कि संस्था द्वारा इस वर्ष 25 वां गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है. गणेशोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां सम्पन्न की जा रही है, जिसके तहत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर सन्ध्या पोरवाल, महेश जायसवाल, आशा जायसवाल, रिंकी गुप्ता, अमोल यादव, गुंजा गुप्ता इत्यादि की भी उपस्थिति सराहनीय रही.

**प्रतिभा का प्रदर्शन किया**

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने आकर्षक साज सज्जा के साथ विभिन्न अवतारों के रूप में कलाकारों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया. फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाते हुए प्रोफेसर (डॉ) गायत्री पलोड ने अलग-अलग पैमाने पर बारीकी से निर्णय दिया.